# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


## शहीदों का बलिदान भावी पीढ़ी के लिए करेगा प्रेरणा का कार्यः डीएम



स्कूली छात्रों को पुरस्कृत करते जिलाधिकारी मंगेश घिल्ड़ियाल।

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। शौर्य दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय में जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल ने झण्डारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात डीएम ने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान सैनिकों द्वारा कारगिल में हमारी सीमा पर अतिक्रमण कर दिया था। हमारे वीर सैनिकों ने पाकिस्तान के सैनिकों को खदेड़ कर 26 जुलाई 1999 को विजय प्राप्त किया। डीएम ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे भारतीय सेना के जवानो ने अपनी प्राणों की बाजी लगाकर देश के प्रति अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

## कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित

**विजय दिवस**

देहरादून। **संवाददाता**

कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मानवधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन की प्रदेश अध्यक्ष मधु जैन ने कहा कि आज देश कारगिल विजय दिवस की बीसवीं सालगिरह मना रहा है। 20 साल पहले कारगिल के दुर्गम क्षेत्र से पाकिस्तान को परास्त करके हमारे वीर जवानों ने कारगिल की पहाड़ियों पर तिरंगा लहराया था।

आज से 20 साल पहले दुश्मनों को धूल चटाकर शहीद हुए वीर जवानों की याद में देश आज कारगिल दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने एक बेरोजगार को रोजगार करने के लिए ई रिक्शा की चाबी भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास हमेशा से जरूरतमंद लोगों की सहायता करने का रहा है।



बेरोजगार युवक को ई रिक्शा की चाबी प्रदान करते हुए।

मानवधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के प्रदेश के उपाध्यक्ष लच्छू गुप्ता ने शहीदों को नमन करते हुए बेरोजगार युवक धर्म सिंह को बधाई देते हुए कहा कि आज उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा चलाई जा रही स्वरोजगार योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह बैटरी चलित वाहन है। इसको इस्तेमाल करने से ध्वनि प्रदूषण कम होता है जिससे शहर को प्रदूषण मुक्त रखा जा सकता है। यह गरीबों और बेरोजगारों के लिए एक आजीविका का स्रोत बनता जा रहा है।

मौके पर मानवधिकार एवं समाजिक संगठन के प्रदेश के उपाध्यक्ष कुलदीप विनायक, राहुल चौहान, अमन गुप्ता, अमर जैन आदि उपस्थित रहे।

# शौर्य दिवस पर मुख्यमंत्री ने कारगिल शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**श्रद्धांजलि**

### सैनिकों का सेना का पहचान पत्र सचिवालय प्रवेश के लिए मान्य होगा

सैनिकों व पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए अपर मुख्य सचिव होंगे नोडल अधिकारी

**संवाददाता**

देहरादून। शौर्य दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कारगिल शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की रक्षा के लिए हमारे जवानों ने हमेशा अदम्य साहस का परिचय दिया। उत्तराखण्ड के जवानों ने देश की रक्षा के लिए सभी युद्धों में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। भारत की थल सेना, वायु सेना व नौसेना आज हर मोर्चे पर अग्रिम स्थिति में है। देश को सुरक्षित रखने के लिए शास्त्रों का ज्ञान होना चाहिए वहीं देश की सीमाएं सुरक्षित रखने के लिए शस्त्रों से भी मजबूत होना जरूरी है।



शौर्य दिवस पर मुख्यमंत्री पदक विजेता सैनिकों और सैनिकों के परिजनों को सम्मानित करते हुए।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि सैनिकों व पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश स्तर पर अपर मुख्य सचिव नोडल आफिसर होंगे। सैनिकों के लिए सचिवालय प्रवेश हेतु उनका सेना का पहचान पत्र मान्य होगा। उन्हें सचिवालय प्रवेश हेतु अलग से लाईन में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। प्रत्येक जनपद में सैनिकों व पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए अपर जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाईन नम्बर 1905 पर कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है, जब तक शिकायतकर्ता संतुष्ट न हो तब तक शिकायत का निस्तारण नहीं माना जायेगा। सीएम हेल्पलाईन नम्बर की प्रत्येक माह मुख्य सचिव समीक्षा करते हैं। समय–समय पर मुख्यमंत्री स्वयं इसकी समीक्षा करेंगे।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखण्ड में सैन्य धाम को पांचवें धाम की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि देहरादून में एक विशाल एवं भव्य शौर्य स्थल बनाया जायेगा। इस शौर्य स्थल में देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले सैनिकों का नाम होगा। यह शौर्य स्थल आधुनिक होगा व यहां पर अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। शौर्य स्थल के लिए देहरादून में भूमि चिन्हित कर ली गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों व पूर्व सैनिकों को हर संभव मदद करेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पदक विजेता सैन्य अधिकारियों, सैनिकों, सैनिकों के परिवारजनों व वीरनारियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक गणेश जोशी, खजान दास, मुकेश कोली, मुन्नी देवी शाह, जनरल ओपी कौशिक, ब्रिगेडियर के.जी. बहल, रमेश भाटिया, जिलाधिकारी दून सी. रविशंकर सहित वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, सैनिक व उनके परिजन उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### पूर्व फौजी ने खुद को मारी गोली, मौत

**संवाददाता** पौड़ी। श्रीनगर के भक्तियाना मौहल्ले में एक पूर्व सैनिक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आनन फानन में उसे बेस हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया कि मृतक हरीश चंद्र मैठाणी पुत्र बाचस्पति मैठाणी निवासी मक्कू मठ ऊखीमठ श्रीनगर में किराए के मकान में अकेले रहता था। वह गढ़वाल विवि में गॉर्ड की नौकरी करता था। उसने पेट में गोली मारी थी। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लग पाया है। वहीं कोटद्वार में ऑटो चालक संजय आर्य उम्र 30 साल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक सात माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। आज सुबह करीब छह बजे संजय ने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक तीन दिन पहले पत्नी को डाडा मंडी उसके मायके छोड़कर आया था। मृतक अपनी शादी के खुश नहीं था। उसने घरवालों के दबाव में यह शादी की थी। कहा जा रहा है कि उसने इसी कारण अपनी जान दे दी।

### वृक्ष हैं धरा के आभूषणः संजय गुलाटी

**संवाददाता** हरिद्वार। दिनोंदिन घटती हुई वन संपदा को बचाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए मनाए जा रहे वन महोत्सव के अंतर्गत बीएचईएल स्थित सीआईएसएफ परिसर में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीआईएसएफ तथा बीएचईएल के सम्मिलित प्रयासों से आयोजित कार्यक्रम में महाप्रबंधक (प्रभारी) हीप संजय गुलाटी, कार्यपालक निदेशक (सीएफएफपी) जयप्रकाश सिंह तथा कमांडेंट टी एस रावत के नेतृत्व में भेल तथा सीआईएसएफ के अधिकारियों एवं जवानों ने बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया।

### 29 जुलाई को प्रभारी सचिव लेंगे बैठक

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जनपद प्रभारी सचिव की अध्यक्षता में 29 जुलाई को सांय चार बजे और 30 जुलाई को प्रातः नौ बजे से जिला सभागार में समीक्षा बैठक आहूत की गयी है। जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल ने बताया कि बैठक में जिला सेक्टर, राज्य सेक्टर, केन्द्र पोषित एवं वाह्य सहायतित योजनाओं, स्वास्थ्य तथा महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास के क्षेत्र, होम स्टे, जनपद की आपदा से संबंधित तैयारियों, भारत सरकार के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स जैसे पीएमजीएसवाई, पीएमकेएसवाई, फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय राजमार्ग तथा जनपद स्तर पर विभिन्न विभागों के महत्वपूर्ण प्रोजेक्टस एवं 15 सितम्बर तक चलने वाली जल शक्ति अभियान की समीक्षा की जायेगी। जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्धारित तिथि व समय पर समीक्षा बैठक में स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## देसंविवि में नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

**संवाददाता**

हरिद्वार। देसंविवि के कुलाधिपति डॉ. प्रणव पण्ड्या ने विश्वविद्यालय के नवप्रवेशी छात्र–छात्राओं के नये शैक्षिक सत्र का शुभारंभ के अवसर पर गीता का मर्म सिखाया। इसके साथ ही विद्यार्थियों के विधिवत् पाठ्यक्रम का पठन–पाठन का क्रम की शुरुआत हो गयी।



कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर डा. सुजाता संजय व अन्य।

इस अवसर पर कुलाधिपति डॉ. पण्ड्या ने विवि की मर्यादा व अनुशासनों से अवगत कराते हुए कर्मों के प्रति समर्पण को श्रेष्ठतम साधना बताया। अपने चिंतन को हमेशा विधेयात्मक ही रखें और कर्म ऐसे करो, जिससे आपको वर्षों–वर्षों तक याद किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिस तरह अर्जुन युद्ध के मैदान में पहुँचने पर तनाव से भर गया था, फिर भगवान् श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उस तनाव से बाहर निकाला, पश्चात उनके कर्मों को याद दिलाते हुए युद्ध करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देसंविवि अपने विद्यार्थियों के तनाव को कम करने के विविध आयाम चलाते हैं, जिससे छात्र–छात्राएँ तनावमुक्त हो, अपने कर्मों के प्रति लगन व मेहनत से आगे बढ़ते रहें। उन्होंने कहा कि कर्म से जीवन परिभाषित होता है। योगी की तरह कर्म करो। उन्होंने कहा कि चिकित्सक, शिक्षक व विद्यार्थियों आदि के अलग–अलग युगधर्म–कर्म है। सभी को अपने नैतिक दायित्वों–कर्मों का ईमानदारी के साथ पालन करते हुए आगे बढ़ना चाहिए।

कुलाधिपति ने श्रीमद्भगवतगीता व रामचरित मानस के विभिन्न कथानकों व भारतवर्ष के सच्चे वीर सपूतों को याद करते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। पश्चात सितार, वायलिन, वासुरी आदि वाद्ययंत्रों के सुमधुर तालों के साथ युगगायकों ने कर्म में ऐसे मर्म भरो.... संगीत प्रस्तुत किया।

## शौर्य दिवस पर जिलाधिकारी ने शहीदों को नमन करते हुए किया याद

**(संवाददाता)** हरिद्वार। जिलाधिकारी दीपेंद्र चौधरी, पूर्व सैनिक कल्याण पुर्नवास कार्यालय तहसील परिसर हरिद्वार में आयोजित शौर्य दिवस (कारगिल दिवस) के शहीदों की स्मृति में मनाये जाने वाले कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर जनपद हरिद्वार के पूर्व सैनिक तथा उनके आश्रित उपस्थित थे। कारगिल युद्ध में जनपद के रूड़की निवासी शहीद मान सिंह के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर डीएम ने अपनी श्रद्धांजली अर्पित की।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ए. के चौधरी ने कारगिल युद्ध की महत्वूपर्ण बातों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्ष 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए कारगिल युद्ध में 526 सैनिक शहीद हुए जिनमें सर्वाधिक शहीद उत्तराखण्ड के थे, जिनकी संख्या 75 थी। इसी कारण पूरा देश इस दिन को कारगिल दिवस या विजय दिवस के रूप में मनाता है जबकि उत्तरखण्ड में यह दिन शौर्य दिवस के नाम से भी मनाया जाता है। हरिद्वार जनपद से रूड़की निवासी शहीद मानसिंह की धर्मपत्नी का स्वास्थ्य खराब होने के कारण वह कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पायी।